# चुनाव में आए सैनिकों का गुरुकुल में सम्मान

19/11/2025 नवभारत



## दर्शक देशभक्ति गीतों में झूमें

# गुरुकुल के नित ध्वजारोह
# वर्षगाँठ पर शामिल हुए ए

पायनियर संवाददाता < नवागढ़
www.dailypioneer.com



गुरुकुल विद्यालय में नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती और नित ध्वजारोहण की तृतीय वर्षगाँठ पर एसपी प्रशांत ठाकुर शामिल हुए। देशभक्ति संगीतमय का शानदार आयोजन में उपस्थित दर्शक देशभक्ति गीतों में झूमते नजर आए। गुरुकुल विद्यालय के प्रतिभावान छात्र संदीप बंजारे, जया साहू, आदित्य यादव, कृष्णा देवांगन, राहुल सिंह राजपूत, सुमन वैष्णव, गोमती श्रीवास्तव, जीत सिंह ठाकुर, देवकल्यानी, सगुफी खान और रविंद्र राजपूत को देशभक्ति मंच से अतिथियों ने सम्माननित किया। विशेष मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने माँ भारती के जयकारों के साथ गायक गायिका की तारीफ करते हुए कहा कि आप के गीतों से हमारे रौंगटे खड़े हो गए । आप लोगों को बहुत-बहुत बधाई। सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि हर मौसम में देश की रक्षा के लिए तत्पर रहते है, राजेश दीवान की तारीफकरते हुए कहा कि स्कूल में देशभक्ति कार्यक्रम आयोजन करना काबिले तारीफसभी को शुभकामनाएं दी और विद्यालय परिवार का आभार किया। गिनीज वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड धारी केके श्रीवास्तव ने कहा कि गुरुकुल विद्यालय से मुझे बेहद स्नेह मिला है मैं आप सभी को बताना चाहूंगा 17 वर्षो से प्रतिदिन ध्वजारोहण करते आ रहा हूँ जिसमे

# गुरुकुल विद्यालय परिवार ने किया सैनिक सुरक्षा जवानों का सम्मान




■ नवभारत रिपोर्टर। नवागढ़.

गुरुकुल विद्यालय में बुधवार को मतदान कराने नवागढ़ पहुंचे सैनिकों का गुरुकुल विद्यालय परिवार शांति पूर्ण मतदान के बाद आए हुए सैकड़ो सैनिको का सम्मान किया. नन्हे बच्चे, शिक्षक शिक्षिका सभी प्रसन्नता के साथ सैनिकों का शांति पूर्ण मतदान को लेकर अपने घर लौट रहे सैनिकों का सम्मान किए. सैनिकों ने गुरुकुल विद्यालय परिवार का धन्यवाद आभार किया और कहा की ऐसा सम्मान हमें किसी विद्यालय मद नही मिला है. यह पहली मर्तबा है जो हमें गुरुकुल विद्यालय में समस्त शिक्षक और बच्चों के द्वारा सम्मान किया. उसके लिए हम विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हैं. मुख्य रूप से कमांडर ऑफिसर श्री अवस्थी ने गुरुकुल विद्यालय प्रबंधन और संचालक राजेश दीवान का समस्त सैनिकों कमांडर का सम्मान पर आभार और धन्यवाद किया कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि हम कही ड्यूटी पर गए हो और हमे ऐसा सम्मान मिला हो आज आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 120 जवान अलग अलग राज्यों से नवागढ़ शांति पूर्ण मतदान कराने पहुंचे है. इन सभी को देख कर ऐसा लग रहा है जैसे छोटा हिंदुस्तान में आ गया हूं, बहुत अच्छा लगा. नवागढ़ चुनाव में ड्यूटी कर यहां के लोग और आप सभी ने काफी सम्मान दिया. संचालक राजेश धर दीवान ने सैनिको के सम्मान कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह गौरव का क्षण है जो हमे इनका सम्मान करने का अवसर मिला, मैं अपने आपको भाग्यशाली समझता हूं जो मतदान कराने पहुंचे सैनिक जवानों का सम्मान करने का मौका मिला. इस अवसर पर कमांडर ऑफिसर श्री अवस्थी, जितेंद्र चौधरी, बरुआ सहित 120 आईटीबीटी के कमांडर जवान, राजेश धर दीवान, मेघा दीवान, सरला दीवान, कोदू राम सिंह, पोषण जायसवाल, मेघा बोयरे आदि उपस्थित थे.

## जिले में शांतिपूर्ण ढंग से निपटा चुनाव

बेमेतरा. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महादेव कावरे ने जिले मे शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए निर्वाचन कार्य से जुड़े समस्त अधिकारी, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, पुलिस के जवानों सहित मतदाताओ तथा आम जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है. 23 अप्रैल को तीसरे चरण के अंतर्गत जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ के लिए मतदान की प्रक्रिया सुव्यवस्थित रूप से पूरी हुई. चुनाव परिणाम 23 मई को घोषित किये जायेगें. जिले के संगवारी मतदान केन्द्रों मे तैनात महिला मतदान दलो और दिव्यांग मतदान केन्द्रो में तैनात दिव्यांग मतदान दलों को भी सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर श्री कावरे ने उनके प्रति आभार जताया. उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओ को जागरूक कर मतदान के प्रति प्रेरित करने में आगे आए समाजसेवी संस्थाओ, स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओ का भी आभार व्यक्त किया है.

हरिभूमि 25/01/2024

## युद्ध में गंवाए दोनों पैर, एक हाथ पर देशभक्ति का जज्बा आज भी कायम

# पराक्रम दिवस पर नवागढ़ पहुंचे कारगिल युद्ध के नायक दीपचंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़



गुरुकुल विद्यालय में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस तथा नियमित ध्वजारोहण की आठवीं वर्षगांठ पर आयोजित विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल युद्ध नायक दीपचंद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सपत्नीक शामिल हुए। उनके आगमन से पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति पूर्ण हो गया था।

■ ऐसा कोई काम करो जिससे देश हो मजबूत

उल्लेखनीय है कि तोपची नायक दीपचंद की नियुक्ति कारगिल वॉर के समय टाइगर हिल की 17,000 फीट की ऊंचाई पर बर्फ जमे पहाड़ पर थी। इस युद्ध में भारत ने बहुत गौरवपूर्ण विजय प्राप्त की थी। युद्ध में भारत के कुछ जवान शहीद हुए और कुछ घायल भी हुए। घायलों में एक दीपचंद नायक प्रख्यात है। इस युद्ध में उन्होंने अपने दोनों पैर और एक हाथ गंवाए, लेकिन आज भी देश के प्रति उनका जज्बा उनके चेहरे से स्पष्ट झलकता है। भूतपूर्व सीडीएस विपिन रावत के द्वारा दीपचंद को कारगिल योद्धा की उपाधि से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में दीपचंद आदर्श सैनिक फाउंडेशन के जरिए ड्यूटी के दौरान विकलांग हुए सैनिकों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं।

**देशहित में काम करने वाला हर कोई सैनिकः** नायक दीपचंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि देशप्रेम और देशभक्ति से देश बहुत मजबूत होता है। हम सबको अपने स्थान पर ही ▸▸| शेष पेज 10 पर

### 21 वर्ष से नियमित फहराते हैं तिरंगा

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में केके श्रीवास्तव उपस्थित थे, जो अनवरत 21 वर्षों से अपने घर में ध्वजारोहण कर रहे हैं जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। इस कार्यक्रम में संबलपुर पंडरभट्ठा गांव के शहीद धनंजय सिंह राजपूत के परिवार से नेम सिंह राजपूत का भावपूर्ण सम्मान किया गया। पूर्व सैनिक विक्रम देवांगन, हरीश अवस्थी, पूर्व सैनिक तोरण साहू, लक्ष्य फाउंडेशन के संस्थापक पवन कुमार वर्मा, डॉक्टर डीएस यादव,ओम शांति परिवार नवागढ़ का सम्मान किया गया। **राम नाम बैंक की स्थापना :** गुरुकुल विद्यालय में 22 जनवरी से राम मंदिर प्रतिष्ठा के दिन को सदैव अविस्मरणी बनाने के लिए राम नाम बैंक की स्थापना की गई। इसी कड़ी में पहली बार नवागढ़ क्षेत्र के कार सेवकों का सम्मान भी किया गया, जिसमें यशपाल सिंह, नलिन विलोचन सिंह, नारायण सिंह, लव सिंह ठाकुर, बालमुकुंद परिहार शामिल है। कार्यक्रम में मिथिलेश बिसेन, मोहन साहू, राधे साहू, लक्ष्मी चंद जैन, शुभम दुबे, छबील साहू, देवदास चतुर्वेदी, आशीष जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पैरा आर्ट के लिए मशहूर सबीना खान द्वारा मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि को पैरा आर्ट की कलाकृति भेंट की गई।